तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.0° | 37.0° |
| इंदौर | 25.0° | 38.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 38.0° |
| ग्वालियर | 28.0° | 38.0° |
| सागर | 27.0° | 38.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 197, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ, शुक्ल प्रतिपदा/द्वितीय संवत् 2083
मंगलवार, 16 जून 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** सीमाओं की सुरक्षा जितनी महत्वपूर्ण उतनी ही ...


**खेल...** महिला हाकी नेशंस कप 2026: भारत की जीत के साथ...


**व्यापार...** मोदी-रोड्रिगेज की मुलाकात दोनों देशों के संबंधों ...


**देश-विदेश...** लंदन का मौसम बढ़ाता है मेरी क्रिएटिविटी को...







## खास-खबरें

### मीनाक्षी राज्यसभा नामांकन विवाद में रेवंत रेड्डी पर आरोप

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। के.टी. रामा राव ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने ही नटराजन का नामांकन रद्द कराने में भूमिका निभाई। केटीआर का दावा है कि नटराजन द्वारा कथित अनियमितताओं की जानकारी पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाने के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई हुई। कांग्रेस ने आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। नामांकन एक आपराधिक मामले की जानकारी हलफनामे में शामिल नहीं करने के कारण रद्द किया गया था।



### कुमकुम भाग्य की अभिनेत्री संचिता का निधन, प्रकरण दर्ज

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई।** टीवी धारावाहिक 'कुमकुम भाग्य' में दीया टंडन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री संचिता उगले का निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वह मुंबई के नालासोपारा स्थित अपने घर में अचेत अवस्था में मिली थीं। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। संचिता ने फिल्म 'छावा' सहित कई टीवी धारावाहिकों में काम किया था और सोशल मीडिया पर भी सक्रिय थीं। घटना के कारणों को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।



### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अमेरिका और ब्रिटेन दौरे की तैयारी में

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत अगले दो महीनों के भीतर अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा पर जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दौरे की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यात्रा के दौरान वह भारतीय मूल के लोगों और विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित गतिविधियों के तहत इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रमों के आयोजन में हिंदू स्वयंसेवक संघ की भी भूमिका रहेगी।



# मोदी और फित्सो वार्ता से भारत-स्लोवाकिया संबंधों को नई मजबूती, साझेदारी पर सहमति

**ब्रातिस्लावा, एजेंसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फित्सो के बीच ब्रातिस्लावा में हुई उच्चस्तरीय वार्ता में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत करने पर सहमति व्यक्त की। ऐतिहासिक ब्रातिस्लावा कैसल में आयोजित बैठक को दोनों देशों के संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

वार्ता के दौरान व्यापार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, अंतरिक्ष, असैनिक परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, शिक्षा, संस्कृति और प्रतिभा आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुपरकम्प्यूटिंग और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में साझेदारी की संभावनाओं पर भी विचार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के प्रति समर्थन जताने के लिए स्लोवाकिया का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही बहुपक्षवाद को मजबूत करने और वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर भी सहमति जताई गई। बैठक के बाद डिजिटल प्रौद्योगिकी, श्रम प्रवासन, उच्च शिक्षा, अनुसंधान और ऑडियो-विजुअल सृजन के क्षेत्र में कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक आशय पत्र पर भी सहमति बनी। इसके अलावा भारत स्लोवाकिया के कोसिसे तकनीकी विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की पहली चेयर स्थापित करेगा।

दोनों नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते और व्यापक रणनीतिक एजेंडा के महत्व पर भी जोर दिया। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री फित्सो ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में भोज का आयोजन किया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। यह दौरा दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**मुख्यमंत्री ने एमपी बोर्ड टॉपर चांदनी से की मुलाकात, कहा-**

# प्रतिभा के आगे गरीबी नहीं बनेगी बाधा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के निकट स्थित भीम नगर बस्ती पहुंचकर मध्यप्रदेश बोर्ड की 12वीं कक्षा की टॉपर कुमारी चांदनी विश्वकर्मा को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कठिन परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद चांदनी ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से जो सफलता हासिल की है, वह प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ई-स्कूटर से भीम नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं हेलमेट पहनकर सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। उनके साथ ई-स्कूटर पर सवार विधायक भगवान दास सबनानी ने भी हेलमेट लगाया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की।

चांदनी और उनके परिवार से आत्मीय मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की शिक्षा में आर्थिक तंगी कभी बाधा नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि चांदनी को शासन की सभी आवश्यक योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वह अपनी उच्च शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रख सके। मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ सेल्फी भी ली और छात्रा की उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक ईंधन संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से ईंधन बचाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी पहल पर सरकारी कारकेड का आकार कम किया गया है और उसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया गया है। उनका मानना है कि इससे न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।



## सीजेपी के संस्थापक दीपके को प्रदर्शन के दौरान पड़ा थप्पड़



**नईदुनिया ब्यूरो, जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। शहीद स्मारक पर चल रहे प्रदर्शन के बीच छह युवकों ने दीपके को थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद मौजूद समर्थकों ने दो आरोपित युवकों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी छह युवकों को हिरासत में लेकर विधायकपुरी थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार, अभिजीत दीपके नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। प्रदर्शन के दौरान समर्थक उन्हें कंधों पर बैठाकर आगे ले जा रहे थे, तभी कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया।

घटना के बाद अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हिंदू-मुस्लिम और जाति आधारित राजनीति को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से एकजुट रहने की अपील करते हुए 20 जून को दिल्ली कूच करने का आह्वान किया और कहा कि उनकी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद भी हुआ, जिसके बाद पुलिस ने एक अन्य युवक को हिरासत में लिया।

## मैसूर के रेस्तरां-बार में भीषण आग, दो की मौत, सात घायल

**नईदुनिया ब्यूरो, मैसूर:** कर्नाटक के मैसूर शहर में सोमवार को एक रेस्तरां-बार में भीषण आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। हादसा आरटी नगर क्षेत्र में रिंग रोड स्थित दत्तागल्ली के पास एक बार एवं रेस्तरां में हुआ, जहां आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि आग तेजी से पूरे परिसर में फैल गई और कुछ ही मिनटों में रेस्तरां का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान की फिर सड़क पर परेड

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता जहांगीर खान को सोमवार को एक बार फिर पुलिस ने सड़क पर पैदल परेड कराई। इस दौरान जहांगीर खान हाफ पैंट में नंगे पैर चलते नजर आए और लोगों के सामने कान पकड़कर तथा हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखाई दिए। पुलिस उन्हें करीब चार घंटे तक विभिन्न इलाकों में लेकर घूमती रही।

पुलिस के अनुसार, जहांगीर खान के खिलाफ अवैध वसूली, धमकी और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने सहित कई गंभीर आरोपों की जांच चल रही है। इससे पहले 11 जून को भी पुलिस ने फालता में उनकी इसी तरह परेड कराई थी। जांच के सिलसिले में उन्हें विभिन्न स्थानों पर ले जाकर घटनास्थलों की जानकारी जुटाई जा रही है। जहांगीर खान कभी फालता क्षेत्र में प्रभावशाली नेता माने जाते थे। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तर्ज पर पेश करते हुए कई बार चर्चित संवाद दोहराया था। हालांकि चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और इसके बाद वह सार्वजनिक जीवन से लगभग गायब हो गए थे।

पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 8 जून को उन्हें नेपाल सीमा के निकट से गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा है कि वह नेपाल जाने की कोशिश कर रहे थे। फालता थाने में उनके खिलाफ सात प्राथमिकी दर्ज हैं। पुलिस विभिन्न मामलों में उनसे पूछताछ कर रही है।



## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली व्यावसायिक उड़ान रवाना

**नईदुनिया ब्यूरो, नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को पहली व्यावसायिक उड़ान सेवा का औपचारिक शुभारंभ हो गया। लखनऊ के लिए रवाना हुई इस पहली उड़ान में क्षेत्र के 150 से अधिक किसान, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर को उत्तर प्रदेश के विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के निर्माण में भूमि देने वाले किसानों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है और यह परियोजना उनके सहयोग का प्रतीक है। भाजपा विधायक धीरेंद्र सिंह ने इसे किसानों के लिए भावनात्मक क्षण बताते हुए कहा कि पहली बार हवाई यात्रा कर रहे किसान अपने खेतों को आसमान से देखकर बेहद उत्साहित हैं। वहीं, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का नया केंद्र बनेगा। एयरपोर्ट की प्रारंभिक क्षमता एक करोड़ यात्रियों की है, जिसे भविष्य में चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा।

## केरलम में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना शुरू

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम :** केरल सरकार ने महिलाओं के लिए बहुप्रतीक्षित मुफ्त बस यात्रा योजना की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने थम्पानूर सेंट्रल बस टर्मिनल पर आयोजित कार्यक्रम में योजना का उद्घाटन किया। यह कांग्रेस नीत यूडीएफ के चुनावी घोषणापत्र का प्रमुख वादा था, जिसे सरकार ने सत्ता में आने के एक माह के भीतर पूरा कर दिया। यह योजना केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की ऑर्डिनरी श्रेणी की लगभग 3,125 बसों में लागू होगी। महिला यात्रियों को सुबह 9 बजे से मुफ्त यात्रा के लिए जीरो-फेयर टिकट जारी किए जाएंगे। ट्रांसजेंडर समुदाय को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने इसे यूडीएफ की पहली 'इंदिरा गारंटी' बताते हुए जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। सरकार का दावा है कि इस योजना से महिलाओं को हर महीने 2,500 से 3,500 रुपये तक की बचत हो सकती है, जिससे घरेलू खर्चों में राहत मिलेगी।

## एनसीईआरटी की किताब में मोहनजोदड़ो की 'नर्तकी' मूर्ति पर खड़ा हुआ विवाद

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 9 की नई कला शिक्षा पुस्तक में मोहनजोदड़ो से प्राप्त प्रसिद्ध 'नर्तकी' (डांसिंग गर्ल) की कांस्य प्रतिमा की तस्वीर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इतिहासकारों और विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि पुस्तक में प्रकाशित चित्र में प्रतिमा के धड़ वाले हिस्से को शेडिंग के माध्यम से ढक दिया गया है, जिससे उसका मूल स्वरूप बदल गया है।




रिपोर्टों के अनुसार, नई पुस्तक 'मधुरिमा' के 'हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स' अध्याय में प्रकाशित तस्वीर में प्रतिमा का ऊपरी शरीर ढका हुआ दिखाई देता है। आलोचकों का कहना है कि इससे ऐसा आभास होता है मानो प्रतिमा ने वस्त्र धारण किए हों, जबकि मूल कलाकृति में ऐसा नहीं है। विशेषज्ञों का दावा है कि पिछले लगभग 25 वर्षों में विभिन्न सरकारों के दौरान प्रकाशित एनसीईआरटी पुस्तकों में इस प्रतिमा की मूल तस्वीर ही शामिल की जाती रही है। प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद मिशेल डैनिनो ने इस बदलाव की आलोचना करते हुए कहा कि कला और इतिहास से जुड़े मूल स्रोतों में इस प्रकार का हस्तक्षेप उचित नहीं है। उनका कहना है कि किसी ऐतिहासिक कलाकृति के मूल स्वरूप को बदलकर प्रस्तुत करना विद्यार्थियों को गलत जानकारी देने जैसा है। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तस्वीर में किसी विशेष उद्देश्य से बदलाव नहीं किया गया है।

**होर्मुज स्ट्रेट** | शांति समझौते के बाद लौटी समुद्री गतिविधि...

# होर्मुज स्ट्रेट से निकला पहला भारतीय एलएनजी जहाज

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते की घोषणा के बाद होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री गतिविधियां धीरे-धीरे सामान्य होने लगी हैं। इसी क्रम में भारतीय एलएनजी टैंकर 'दिशा' सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट पार करने वाला पहला भारतीय वाणिज्यिक जहाज बन गया। यह जहाज कतर से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर भारत लौट रहा है।




सरकारी स्वामित्व वाली शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'दिशा' पिछले तीन महीनों से अधिक समय से फारस की खाड़ी क्षेत्र में फंसा हुआ था। यह जहाज भारत की प्रमुख गैस आयातक पेट्रोनेट एलएनजी के लिए लगभग 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी लेकर आ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जहाज के 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।

जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि शांति समझौते की घोषणा के बाद होर्मुज स्ट्रेट पार करने वाला यह पहला जहाज है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समुद्री यातायात को पूरी तरह सामान्य होने में अभी कई सप्ताह लग सकते हैं और यह काफी हद तक क्षेत्र में शांति बनाए रहने पर निर्भर करेगा।

जानकारी के अनुसार, मार्च से अब तक कुल 10 भारतीय जहाज इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को पार कर चुके हैं। वर्तमान में फारस की खाड़ी के पश्चिमी हिस्से में 13 भारतीय जहाज मौजूद हैं। सरकार ने संकेत दिया है कि जैसे ही नौवहन को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया जाएगा, खाड़ी क्षेत्र में फंसे अन्य भारतीय जहाजों को भी वापस लाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के चलते होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई थी। अप्रैल में हुई सुरक्षा घटनाओं के बाद भारतीय और भारत आने वाले कई जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। अब शांति प्रयासों के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर गतिविधियों की वापसी को सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।